पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल जी ने इटावा में राष्ट्रीय आजीविका मिशन की सदस्यों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित किया

समर्थ नागरिक क्षय रोग ग्रस्त बच्चों की देखरेख के लिए गोद लें
–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ 2 सितम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद इटावा में बसरेहर ब्लाक, स्थित दातावली आंगनबाड़ी केन्द्र जाकर पोषण कार्यक्रमों तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इटावा क्लब जाकर राज्यपाल जी ने आंगनबाड़ी तथा राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़े समारोह को सम्बोधित किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि इस माह दिनांक 01 से 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय स्तर पर पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। केन्द्र सरकार ने इस जन अभियान को वर्ष 2018 में संतुलित आहार के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रारम्भ किया था, जिसे हम प्रतिवर्ष सितम्बर माह में पोषण सप्ताह और पोषण माह के रूप में आयोजित करते हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी गांव के समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़ी रहती है इसलिए उसे 6 वर्ष तक के बच्चों, बालिकाओं, जननी और धात्री महिलाओं के उचित पोषण के प्रति जागरूकता और जानकारी का प्रसार करते रहना चाहिए।

समारोह में राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि उन्हें इस बात का निरन्तर ध्यान रखना है कि गरीब परिवारों और महिलाओं की आय में वृद्धि के लिए योजनाओं का लाभ उन तक पहुँचे। उनकी क्षमताओं के अनुसार कार्य मिले और उन्हें आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकें। राज्यपाल जी ने कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों के लिए उपयोगी सामग्री, खिलौने तथा फर्नीचर का वितरण भी किया।

राज्यपाल जी ने इटावा के विकास भवन में क्षय रोग संक्रमण के चिन्हित बच्चों, लघु सहायता समूह और फार्मर प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधि सदस्यों से वार्ता की। उन्होंने जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों तथा समर्थ नागरिकों से क्षय रोग ग्रस्त बच्चों के उचित पोषण की व्यवस्था एवं चिकित्सा हेतु देखरेख के लिए गोद लेने की अपील की। उन्होंने विकास भवन में जनपद के प्रगतिशील किसानों से भेंट कर कृषि उत्पादों की जानकारी ली तथा ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने को कहा।

राज्यपाल जी ने इटावा के पुलिस लाइन स्थित महिला पुलिस थाना एवं आर.टी.सी. जाकर महिला पुलिस कर्मियों तथा जनपद की कानून व्यवस्था में पुलिस कर्मियों द्वारा वहन किए जा रहे उत्तरदायित्वों की जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला पुलिस प्रशिक्षुओं से भी भेंट की और उनका उत्साह वर्धन किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रुति सिंह , मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी सहित जिले के समस्त अधिकारीगण उपस्थित थे।

———————

(राजभवन 25/03)

षट्भुज